प्रथम पृष्ठ का शेष

नक्सलमुक्ति पर छग ...

संदीप पटेल और एएसपी रॉबिन्सन गुड़िया के नाम शामिल हैं। आईजी पी. सुंदरराज को नक्सल विरोधी अभियानों का बेहतर तरीके से नेतृत्व करने और माओवादी नेटवर्क को कमजोर करने के लिए किए गए काम के लिए वीरता पदक दिया गया है। सम्मान पाने वाले अफसर, पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने शुभकामनाएं दी हैं।

आजादी के बाद पहली ...

जिसमें एससी/एसटीके साथ जाति शब्द भी जोड़ा गया है। इसके साथ मोबाइल नंबर, आधार, वोटर आईडी और बैंक अकाउंट से जुड़े सवाल भी होंगे। सबसे ज्यादा चर्चा इसी सवाल नंबर 10 की हो रही है।

कोविड वैक्सीन का भी पूछा जाएगा हिसाब

सेंसस 2027 में कोरोना महामारी से जुड़ी जानकारी भी दर्ज होगी। लोगों से पूछा जाएगा कि कोविड-19 का टीका कहां लगाया गया था। यह सवाल महामारी के बाद देश की आबादी से जुड़े सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों को समझने में उपयोगी हो सकता है।

देश की पहली डिजिटल जनगणना

जनगणना 2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। डेटा डिजिटल माध्यम से दर्ज किया जाएगा और लोगों को खुद अपनी जानकारी देने यानी सेल्फ-एन्यूमरेशन का विकल्प भी मिलेगा। जनगणना की कानूनी प्रक्रिया सेंसस एक्ट, 1948 और सेंसस रूल्स, 1990 के तहत होगी।

पूछे जाएंगे ये सवाल....

काम की जगह तक आने-जाने की जानकारी, जन्म स्थान, पिछला निवास स्थान, पलायन का कारण, पिछले पलायन के बाद इस गांव/शहर में रहने की अवधि, स्थायी आवासीय पता, वर्तमान में जीवित बच्चों की संख्या, जीवन में पैदा हुए कुल जीवित बच्चों की संख्या, पिछले एक साल में जीवित पैदा हुए बच्चों की संख्या, कोविड-19 वैक्सीनेशन की जगह, कुल बैंक खातों की संख्या, मोबाइल नंबर, अगर उपलब्ध हो, आधार नंबर, वोटर आईडी नंबर, पासपोर्ट नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस।

जो कुछ भी है, ईश्वर की...

देखने को भी वह विवश रहे। पूर्व जन्म के सत्कर्म के चलते किशोरावस्था में ही ईश्वर की कृपा ने उन्हें वह शक्तियां प्रदान की,ऐसी ऊंचाई दी कि आज हजारों-लाखों लोग उसके माध्यम से भगवान तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। अपने दुख- दर्द के निवारण ओर उम्मीद-आकांक्षा की पूर्ति के लिए उन्हें ही माध्यम माने हुए हैं। यह पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का प्रभाव है।

उनके प्रति लोगों की आस्था और श्रद्धा को देखकर कई बार यह महसूस होता है कि लोग उनमें ही ईश्वर की छवि तलाशने लगते हैं। कोई उनके चरणों की धूल अपने शीश पर लगाकर स्वयं को धन्य मानता है, तो कोई केवल एक बार उनका सानिध्य तो छोड़िए दर्शन मात्र से अपने आपको सौभाग्यशाली समझता है। ऐसे में व्यक्ति से स्वयं को ईश्वर मान लेने की भूल सहज ही हो जाती है,लेकिन धीरेंद्र शास्त्री जी अपने आपको इस भ्रम से अभी तक बचाए हुए हैं। वह अच्छा मनुष्य होने की प्रक्रिया में ही है। अपने शुरुआती जीवन की की कठिनाई और विपदाओं को वह भूले नहीं हैं। पांच सितारा सुविधाएं लंबी- लंबी गाड़ियों के काफिले, चार्टर विमान की कतारें, शिखर राजनेताओं और सफल उद्योगपतियों की उनके समक्ष निरंतर दंडवत उपस्थिति के बीच वह समाज के वंचित-दमित जन जीवन को भूलते नहीं है। आज भी हर रोज अठारह घंटे के श्रम और पांच से हजार नये लोगों के साथ मुलाकात को वह अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए हुए हैं।

इस पूरे आभामंडल के बीच जो दो बात सबसे अधिक प्रभावित करती है, वह है—उनकी जीवन को लेकर विद्वता और आचरण में सहजता। सहज बने रहना कोशिश के तहत नहीं, स्वाभाविक है। विद्वता का बोध तो उनके मुख से निकले बोलों से सहज ही हो जाता है। गत दिवस उनका लगभग डेढ़ घंटे का सानिध्य मिला। इस दौरान कहीं भी ऐसा अनुभव नहीं हुआ कि सामने बैठा व्यक्ति अपनी प्रसिद्धि, उपलब्धियों या प्रभाव का बोध करा रहा हो। न अहंकार का प्रदर्शन, न उपलब्धियों का श्रेय स्वयं को देने की कोशिश।बार-बार एक ही भाव सामने आया—जो कुछ है, बालाजी की कृपा से है। और समाज से जो मिला है, उसे समाज को और बेहतर तरीके से लौटाना है। शायद यही भाव उनके काम की दिशा भी तय करता है।

जो लोग अपनी परेशानियां, अपने दुख और अपनी उम्मीदें लेकर उनके पास आते हैं, उनके लिए कुछ करने की कोशिश लगातार दिखाई देती है। आदिवासी बहुल और बुनियादी सहूलियत से भी वंचित इलाके में उनके द्वारा कैंसर अस्पताल जैसे बड़े प्रकल्प की स्थापना का प्रयास इसी सोच का विस्तार हैं। शिक्षा और भारतीय संस्कृति की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए गुरुकुल की स्थापना भी इसी कोशिश का हिस्सा है। भारतीय परंपरा में गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और वैदिक चेतना का अभिन्न हिस्सा रही है। इसी भाव से यहां गौशाला का संचालन भी जारी है। जहां पुंगनूर जैसी दुर्लभ प्रजाति की गायें भी मौजूद हैं।

इन सबको केवल निर्माण कार्यों की सूची के रूप में देखना शायद उचित नहीं होगा। इनके पीछे एक ऐसी सोच दिखाई देती है, जिसमें अपनी जड़ों, अपनी संस्कृति और समाज के प्रति दायित्व को निभाने की कोशिश है।यह सब उस व्यक्ति के द्वारा है जिसने अभी जीवन के तीन दशक भी पूरे नहीं किए हैं। दुनिया को चमत्कृत कर देने वाला प्रभाव पैदा कर दिया है। इस चमत्कार और हजारों लोगों की भीड़ के बीच उनसे एकांत में इत्मीनान से मुलाकात में करिश्माई आध्यात्मिक व्यक्तित्व से मिलने के साथ ही एक अल्हड़ युवा से मिलने जैसा अनुभव भी था।

बिंदास हंसी-बेफिक्र अंदाज और ताली बजाकर जोरदार ठहाके। इसके साथ ही चेहरे पर स्थायी रूप से विराजमान मंद-मंद मुस्कान। गंभीर से गंभीर विषय को भी सहजता से कहना, गूढ़ बात को भी मुस्कराते हुए समझा देना और बात-बात में ठहाका लगा देना, यही वह अंदाज है जो धीरेंद्र शास्त्री को सामान्य से अलग करता है। अन्य संतों के चेहरे पर दिखने वाली गंभीरता से बिल्कुल ही उलट उनका यह अंदाज उन्हें और अधिक प्रभावशाली बनाता है। गहरी बात सहजता से कह देने का उनका यह अंदाज अभी भी दिखा जब चर्चा के दौरान किसी प्रसंग पर उन्होंने कहा कि कार्य अच्छा या बुरा से ज्यादातर महत्वपूर्ण है कि वह किस उद्देश्य से किया जा रहा है। यज्ञ तो गुरू विश्वामित्र जी और लंकापति रावण दोनों ने ही किया था। जगत कल्याण की भावना से वशीभूत होकर विश्वामित्र जी जब यज्ञ कर रहे थे तो रामजी धनुष बाण लेकर स्वयं रक्षा के लिए खड़े हो गए, वहीं आनाचार के लिए शक्ति पाने रावण यज्ञ करा था तो रामजी ने उसका विध्वंस करा दिया। इसलिए उद्देश्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

एक तरफ लाखों लोगों की आस्था का केंद्र बना व्यक्तित्व। दूसरी तरफ उसी व्यक्तित्व में दिखाई देती सहजता, मस्ती और अल्हड़पन, इतनी प्रसिद्धि, इतना सम्मान , इतना सामर्थ्य और इतना बड़ा आभामंडल मिलने के बाद भी यदि कोई व्यक्ति अपने भीतर यह भाव बचाकर रख सके कि "मैं नहीं, सब कुछ बालाजी और संन्यासी बाबा की कृपा से है", तो यह अपने आप में सराहनीय भी है और वंदनीय भी है।

गढ़ा गांव की यात्रा और पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी कासानिध्य एक बार फिर इस बात को प्रमाणित कर गया कि जीवन में उपलब्धियाँ कितनी बड़ी हैं, इससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उन उपलब्धियों का श्रेय हम किसे देते हैं और उनसे प्राप्त शक्ति का उपयोग किसके लिए और किस तरह करते हैं।और शायद इसीलिए तीन दिन पहले लिखी वह पंक्ति अपने आपको प्रमाणित करते हुए महसूस हुई कि-"जो कुछ भी है, ईश्वर की कृपा से है।"

भगवान और भक्त ...

धीरेंद्र शास्त्री से मिलने की इच्छा लेकर। शायद यही ईश्वर की कृपा का सबसे बड़ा प्रमाण है कि एक संत और पीठाधीश्वर स्वयं उस आस्था के पर्याय बन गए हैं, जिसकी मूल शक्ति उनके आराध्य में है। ईश्वर की कृपा क्या होती है, इसका सबसे सुंदर उदाहरण राम और हनुमान के संबंध में दिखाई देता है। राम की कृपा हुई तो हनुमान केवल सेवक नहीं रहे; वे स्वयं भगवान के स्वरूप में पूजे जाने लगे। यही तो ईश्वर की कृपा है, जब साधक और उसकी साधना स्वयं आस्था का केंद्र बन जाए। कुछ-कुछ ऐसी ही स्थिति आज बागेश्वर धाम में दिखाई देती है।

लेकिन जितनी तेजी से यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, उस अनुपात में व्यवस्थाएं अभी दिखाई नहीं देतीं। सरकार और प्रशासन के स्तर पर यहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बेहतर सड़कें, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, ठहरने की सुविधाएं और श्रद्धालुओं के लिए समुचित आधारभूत ढांचा, इन सब पर गंभीरता से काम किया जाना चाहिए। गढ़ा की गलियों और रास्तों से गुजरते हुए कई जगह यह महसूस होता है कि जिस गति से आस्था यहां लोगों को खींच रही है, उस गति से व्यवस्थाएं अभी पीछे हैं।

भविष्य में यदि यह स्थान शिरडी या कैंची धाम जैसे बड़े धार्मिक केंद्र का स्वरूप ग्रहण कर ले, तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। आस्था की शक्ति किसी साधारण से स्थान को असाधारण ऊंचाई तक पहुंचा सकती है। बागेश्वर धाम आज केवल वर्तमान की कहानी नहीं है। यह भविष्य की एक बड़ी संभावना का संकेत भी दे रहा है।इ स संभावना के केंद्र में हैं -बालाजी महाराज, उनकी कृपा, और उस कृपा को जन-जन तक पहुंचाने वाले धीरेंद्र शास्त्री।

सीएम साय बोले- विभाजन ...

दौर की भयावहता देखी, उनमें से अधिकांश आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके परिवारों और आने वाली पीढ़ियों की स्मृतियों में वह पीड़ा आज भी जीवित है। उन्होंने कहा, विभाजन के कारण विस्थापित हुए लोगों ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना किया। अपना सब कुछ पीछे छोड़कर उन्होंने नए स्थानों पर लगभग शून्य से जीवन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभाजन की त्रासदी में प्राण गंवाने वाले लोगों के बलिदान और विस्थापन का दंश झेलने वाले परिवारों के संघर्ष को उचित सम्मान देने तथा नई पीढ़ी को इतिहास के इस अध्याय से परिचित कराने के उद्देश्य से 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

मुख्यमंत्री मौन जुलूस ...

विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, संत युधिष्ठिर लाल, स्वामी शिवस्वरूपानंद, राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा, यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

संगठित रहेंगे तो राष्ट्र ...

भी देश की स्मृतियों में उचित स्थान मिलना चाहिए। डॉ. द्विवेदी ने विभाजन की ऐतिहासिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा निर्धारण का दायित्व सिरिल रेडक्लिफ को सौंपा गया था, जो जुलाई 1947 में भारत आए थे। उन्हें बहुत कम समय में सीमा निर्धारण का अत्यंत जटिल कार्य पूरा करना था, जबकि भारत की भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना से उनका परिचय सीमित था। उन्होंने कहा कि विभाजन से उपजी पीड़ा और उसके परिणामों को समझना आज भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि इतिहास से मिली सीख ही भविष्य के लिए हमें सचेत करती है।

छग भू-संपदा अपीलीय अधिकरण अध्यक्ष...

एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 46 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए करते हुए नियुक्ति की गई है। अध्यक्ष का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम 05 वर्ष अथवा 67 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, रहेगा। अध्यक्ष के पद से संबंधित अन्य सेवा शर्तें पृथक रूप से निर्धारित की जाएंगी।

रायपुर। कांग्रेस ने हल्द्वानी की घटना के विरोध में राजधानी रायपुर में पैदल मार्च निकाला। एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, यह घटना बेहद आहत करने वाली और निंदनीय है। यह भाजपा की जातिगत भेदभाव, संकीर्ण मानसिकता और दलित विरोधी सोच को दर्शाती है। अगर भाजपा, आरएसएस को दलितों से इतनी ही घृणा है, तो ट्रेन, बस, हवाई यात्रा भी ना करें। इनको तो भोजन भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि अन्न और सब्जियां भी दलितों के श्रम से ही इनके घर तक पहुंचती हैं।

टमाटर की आवक घटी, दाम बढ़े, थोक में 25, चिल्हर में 40 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में अचानक टमाटर के दाम डबल हो गए हैं। तीन दिन पहले तक टमाटर 15 से 20 रुपए किलो बिक रहा था, लेकिन अब दाम थोक में 25 रुपए और चिल्हर में 40 रुपए हो गए हैं। दाम बढ़ने का सबसे बड़ा कारण आवक का बहुत कम होना है। राजधानी रायपुर के डूमरतराई में पहले रोज बेंगलुरु से 20 ट्रक माल आ रहा था, लेकिन अब महज 8 ट्रक की ही आवक हो रही है। पूरे प्रदेश में करीब 100 ट्रक से ज्यादा माल आता है, लेकिन अब यह मुश्किल से 40 ट्रक ही आ रहा है।

प्रदेश में इस समय लोकल टमाटर की फसल पूरी तरह से समाप्त होने के बाद प्रदेश की सभी सब्जी मंडियों में बेंगलुरु से ही टमाटर की आवक हो रही है। तीन दिन पहले तक बेंगलुरु से टमाटर यहां पर बहुत सस्ते दाम पर आ रहे थे। थोक सब्जी मंडी के कारोबारियों के मुताबिक बेंगलुरु में टमाटर के दाम पहले महज चार रुपए थे। दस रुपए भाड़ा लगने के बाद यहां पर आने पर थोक में यह 16 रुपए किलो बिक रहा था। ऐसे में चिल्हर बाजार में इसके दाम 20 रुपए से ज्यादा कहीं नहीं थे।

डिमांड बढ़ी तो दाम बढ़े

प्रदेश के थोक कारोबारियों के मुताबिक बेंगलुरु से पहले बहुत कम राज्यों में टमाटर जाने के कारण इसके दाम बहुत कम थे, लेकिन अचानक से कुछ राज्यों में टमाटर की फसल खराब होने के कारण अब बेंगलुरु से ही देश से ज्यादातर राज्यों में टमाटर जाने लगे हैं। टमाटर की डिमांड देश भर से आने के कारण अब बेंगलुरु में टमाटर के दाम करीब 10 से 12 रुपए हो गए हैं। वहां से लाने का भाड़ा दस रुपए लग जाता है। ऐसे में अब यहां पर टमाटर 22 रुपए में आ रहा है। ऐसे में थोक में इसके दाम 25 रुपए हो गए हैं।

चिल्हर में दाम ज्यादा

चिल्हर मंडी में हमेशा से ही सब्जियों में दाम डेढ़ से दो गुना रहते हैं। यही कारण है कि जो टमाटर थोक में 25 रुपए किलो मिल रहा है उसको चिल्हर कारोबारी 40 रुपए में बेच रहे हैं। कुछ चिल्हर कारोबारियों का कहना है कि वो डूमरतराई से नहीं शास्त्री बाजार से टमाटर लाते हैं तो उनको दाम ज्यादा देने पड़ते हैं। चिल्हर कारोबारियों के मुताबिक शास्त्री बाजार से थोक में टमाटर 30 रुपए किलो मिल रहा है। कारोबारी यह भी कहते हैं कि क्रेट में भले 25 किलो टमाटर होने का दावा किया जाता है, लेकिन कम से कम दो किलो टमाटर कम रहते हैं। इसी के साथ कितनी भी अच्छी क्वालिटी के टमाटर ले लें, एक से दो किलो टमाटर खराब निकल ही जाते हैं। ऐसे में उनको ये 35 रुपए किलो पड़ जाते हैं तो 40 रुपए किलो बेचने पड़ते हैं।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

पश्चिम मध्य रेल

नं.: JBP/C/NFR/E-Tender/26, दिनांक: 13.08.2026

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत के राष्ट्रपति की ओर से जबलपुर मंडल के विभिन्न आय अर्जन एवं लीज अनुबंधों हेतु ई-निविदाएं (E-Tender) आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार है:- **(1) श्रेणी**: खाद्य ट्रे विज्ञापन (सीट के पीछे) **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या** MMS-FTA-155494-1-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 22189/22190, 11651/11652 एवं 11265/11266 के बैठने वाले कोचों में स्नैक/फूड ट्रे (सीट के पीछे वाली ट्रे) पर विनाइल स्टिकर के माध्यम से विज्ञापन। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 15:00 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 15:30 बजे **(2) श्रेणी**: खाद्य ट्रे विज्ञापन (सीट के पीछे) **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या**: MMS-FTA-127872-1-26-3 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11705/11706 के बैठने वाले कोचों में स्नैक/फूड ट्रे पर विनाइल स्टिकर के माध्यम से विज्ञापन। इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी से पहले स्थल/मंडल कार्यालय का निरीक्षण करने की सलाह दी जाती है। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 15:10 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 15:40 बजे **(3) श्रेणी**: ट्रेन बाहरी भाग विज्ञापन (खिडकी के नीचे) **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या**: ADVT-EBW-127872-5-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11705/11706 में विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन। कुल क्षेत्रफल 11,503 वर्गफुट। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 15:30 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 16:00 बजे **(4) श्रेणी**: ट्रेन बाहरी भाग विज्ञापन (खिडकी के नीचे) **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या**: ADVT-EBW-155494-4-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11265/66, 11651/52 एवं 22189/90 में विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन। कुल क्षेत्रफल 29,976 वर्गफुट। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 15:40 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 16:10 बजे **(5) श्रेणी**: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल) **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या**: ADVT-JBP-DMO-OSN-161-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** प्लेटफॉर्म, कॉनकोर्स, FOB एवं रैम्प पर फ्लेक्स बोर्ड के माध्यम से 1,100 वर्गफुट क्षेत्र में विज्ञापन। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 16:00 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 16:20 बजे **(6) श्रेणी**: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल) **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या** ADVT-JBP-OSN-164-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** निर्धारित मानकों के अनुसार टर्शियरी बोर्ड लगाना, उनका रख-रखाव करना तथा दिए गए डिजाइन के अनुसार इन बोर्ड के पास 12x12 इंच के विज्ञापन प्रदर्शित करना। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 16:00 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 16:30 बजे **(7) श्रेणी**: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल) **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या**: ADVT-JBP-NU-OSN-163-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** नरसिंहपुर स्टेशन पर 1,200 वर्गफुट तथा श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर 500 वर्गफुट क्षेत्र में प्लेटफॉर्म, कॉनकोर्स, FOB एवं बुकिंग विंडो के पास फ्लेक्स बोर्ड प्रदर्शित करना। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 16:10 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 18-08-2026 16:40 बजे **(8) श्रेणी**: स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या**: MSS-JBP-KTE-MedStn-19-25-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** कटनी स्टेशन पर मेडिकल सुविधा कियोस्क का संचालन। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 19-08-2026 15:00 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 19-08-2026 15:30 बजे **(9) श्रेणी**: अन्य स्थिर सेवाएं **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या**: MSS-JBP-SGO-STGen-133-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** सागर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 की ओर सर्कुलेटिंग एरिया में फूड वैन की व्यवस्था एवं संचालन। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 19-08-2026 15:10 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 19-08-2026 15:40 बजे **(10) श्रेणी**: अन्य मोबाइल सेवाएं **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या**: MMS-MobGen-288200-1-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11701/11702 की खिड़कियों पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन। कुल क्षेत्रफल 7,714 वर्गफुट। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 24-08-2026 15:00 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 24-08-2026 15:30 बजे **(11) श्रेणी**: रेल कोच रेस्टोरेंट **निविदा/ई-नीलामी सूचना संख्या**: MSS-JBP-JBP-RCR-141-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 की ओर रेल कोच रेस्टोरेंट का संचालन एवं रख-रखाव। **बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 20-08-2026 15:00 बजे **बोली समाप्ति दिनांक एवं समय:** 20-08-2026 15:30 बजे. **नोट:** इच्छुक बोलीदाता विस्तृत जानकारी हेतु आईआरईपीएस (IREPS) की ई-टेंडर/लीजिंग मॉड्यूल वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण देख सकते हैं। IREPS वेबसाइट उपरोक्त सभी टेंडरों का विस्तृत विवरण संबंधित कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। निविदा संबंधी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के सूचना पट्ट पर भी देखी जा सकती है।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

ई-नीलामी सूचना

ऋणवसूली अधिकरण, भारत सरकार,
वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर-(मप्र) 482001
प्रकरण संख्या: RC 216/2025 / ओ.ए. संख्या 619/2023
ई-नीलामी संख्या 173/2026

Punjab National Bank वि. M/s BRICEM BUILDCON एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक RC No. RC 216/2025 / O.A. No. 619/2023 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs. 14,37,19,650.32 (Rupees Forteen Crore Thirty Seven Lakh Nineteen Thousand Six Hundred Fifty and Thirty Two Paise only) तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 16.03.2023 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.baanknet.com के माध्यम से की जायेगीं।

ई- नीलामी की तिथि एवं समय- 30/09/2026 दोपहर 12.00 से 01.00 बजे तक

संपत्ति की अनुसूची

क्र. सं.	विक्रय हेतु प्रस्तावित संपत्ति का विवरण	आरक्षित / न्यूनतम मूल्य	ई.एम.डी. राशि
1.	i) All that pieces & parcels of immovable property (City Center Mall) situated at PH No. 9 (PH No. - 00016 & Sharda Vihar Ward No. 12 as per valuation report), RNM: Korba, bearing Khasra No.-551/26, 551/33, 594/1, 594/2k, 594/2Kh, 594/2g, 595 & 596/2, admeasuring 76471 sq.ft., Tehsil & District-Korba (C.G.);	For Prop. No. 1- Rs. 44,65,70,000.00 (Rupees Forty Four Crore Sixty Five Lakh Seventy Thousand only);	For Prop. No. 1- Rs. 4,46,57,000.00 (Rupees Four Crore Forty Six Lakh Fifty Seven Thousand only);
	ii) All that pieces & parcels of immovable property situated at Korba, PH No. 9, (P.H. No. 00016 Ramsagarpara Ward No.01 as per valuation), RNM & Tehsil-Korba, K.No.-596/1 (old Khasra No.-596), total area 0.37 acres, i.e., 16568 sq.ft.;	For Prop. No. 2- Rs. 5,99,40,000.00 (Rupees Five Crore Ninety Nine Lakh Forty Thousand only);	For Prop. No. 2- Rs. 59,94,000.00 (Rupees Fifty Nine Lakh Ninety Four Thousand only);
	iii) Immovable property situated situated at Mauja Village-Korba, PH No. 9/4 (P.H. No. 00016 as per valuation report), RNM: Korba, Ward No.-2 (Ramsagarpara ward as per valuation report), Saket Nagar, Khasra No.-624/1, 624/2 (Old Khasra No.-624), Tehsil & District-Korba (C.G.), admeasuring 25288 sq.ft.;	For Prop. No. 3- Rs. 8,66,50,000.00 (Rupees Eight Crore Sixty Six Lakh Fifty Thousand only)	For Prop. No. 3- Rs. 86,65,000.00 (Rupees Eighty Six Lakh Sixty Five Thousand only)

विक्रय की शर्तें एवं नियम

1. विक्रय की सभी शर्तें ऋणों की वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम 1993 के प्रावधानों तथा आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय एवं तृतीय अनुसूचियों, आयकर (प्रमाणपत्र कार्यवाही) नियम, 1962 के साथ पठित प्रावधानों द्वारा शासित होंगी तथा समय-समय पर यथा संशोधित सूचना प्रौद्योगि की अधिनियम, 2000 के प्रावधानों से भी निर्देशित होंगी।
2. इच्छुक बोलीदाता निम्न सेवा प्रदाता से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।


नीलामी एजेंसी	Bank Asset Auction Network (BAANKNET)
हेल्पलाइन नं.	+91-82912 20220
हेल्पलाइन ईमेल	support.baanknet@psballiance.com
बैंक अधिकारी	Mr. Raghubansh Narayan Singh, Chief Manager, Mob.- 8789388472
संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	15-09-2026 दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक

3. इच्छुक बोलीदाता बोली प्रपत्र विस्तृत विवरण एवं विक्रय की शर्तों हेतु वेबसाइट **https://baanknet.com** का अवलोकन करें। **4.** बोलियाँ (bids) केवल ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जाएँगी। प्रत्येक बोली के साथ पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण, पहचान-पत्र, ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा। कंपनी के मामले में, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित बोर्ड प्रस्ताव (Board Resolution) की प्रमाणित प्रति अथवा कंपनी की ओर से प्रतिनिधित्व / अधिकार-पत्र (Power of Attorney / Authorization) को प्रमाणित करने वाला कोई अन्य वैध दस्तावेज बोली प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाएगा। बोलीदाता संपत्ति के विवरण, क्षेत्रफल / माप, प्रभारें (Encumbrances), दायित्वों तथा अन्य संबंधित तथ्यों की शुद्धता एवं सत्यता के संबंध में स्वयं अपने स्तर पर संबंधित सरकारी कार्यालयों अथवा अन्य सक्षम स्रोतों से जांच-पड़ताल कर पूर्णतः संतुष्ट हो लें। इस संबंध में भविष्य में उत्पन्न होने वाली किसी भी त्रुटि,विसंगति, कमी अथवा विवाद के लिए ऋण वसूली अधिकरण (DRT) उत्तरदायी नहीं होगा। **5.** आरक्षित मूल्य का 10% अर्थात् रु. **for Prop. No. 1 Rs. 4,46,57,000.00 (Rupees Four Crore Forty Six Lakh Fifty Seven Thousand only); Prop. No. 2 Rs. 59,94,000.00 (Rupees Fifty Nine Lakh Ninety Four Thousand only); Prop. No. 3 Rs. 86,65,000.00 (Rupees Eighty Six Lakh Sixty Five Thousand only)** ईएमडी के रूप में BAANKNET वॉलेट में जमा करना होगा तथा उसका विवरण बोली प्रपत्र में अंकित करना होगा। **6. ऑनलाइन बोली दिनांक 28-09-2026 को सायं 5:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी। 7.** ऑनलाइन प्रस्तुत बोली प्रपत्र एवं संलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, डीआरटी, जबलपुर, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल भवन), रेजीडेंसी रोड, मुख्य डाकघर के निकट, दक्षिण सिविल लाइन्स, जबलपुर को यथा शीघ्र प्रेषित की जाएगी। **8.** ऑनलाइन बोली प्रक्रिया प्राप्त उच्चतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक अगली बोली में न्यूनतम वृद्धि रु. **for Prop. No. 1 Rs. 44,50,000.00 (Rupees Forty Four Lakh Fifty Thousand only); Prop. No. 2 Rs. 6,00,000.00 (Rupees Six Lakh only); Prop. No. 3 Rs. 8,70,000.00 (Rupees Eight Lakh Seventy Thousand only).** होगी। नीलामी समाप्ति से पूर्व कोई बोली प्राप्त होने पर प्रणाली द्वारा नीलामी समय स्वतः 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा। **9.** असफल बोलीदाताओं की ईएमडी उसी खाते में वापस की जाएगी जिससे भुगतान किया गया था। इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। ईएमडी जमा करने के पश्चात बोलीदाता उसे वापस नहीं ले सकेगा अन्यथा राशि जब्त कर ली जाएगी। **10.** स्थावर संपत्ति के मामले में सफल उच्चतम बोलीदाता को घोषणा के अगले दिन अपनी बोली स्वीकृत होने पर, बोली राशि का 25% (ईएमडी घटाकर) **CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR.** में वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, डीआरटी जबलपुर, **चालू खाता संख्या 5692799461, आईएफएससी कोड CBIN0281618** में RTGS/NEFT द्वारा जमा करना होगा। चूक होने पर संपत्ति पुनः विक्रय हेतु प्रस्तुत की जाएगी तथा ईएमडी जब्त कर ली जाएगी। **11.** सफल बोलीदाता को शेष 75% राशि तथा विक्रय राशि का 1% पाउंडेज शुल्क एवं प्रत्येक संपत्ति पर अतिरिक्त रु.10/- नीलामी की तिथि से 15 दिनों के भीतर, क्रम संख्या 10 में उल्लिखित **खाता संख्या 5692799461** में आरटीजीएस (RTGS) / एनईएफटी (NEFT) / मनी ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना होगा। यदि पंद्रहवाँ दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश का दिन हो, तो भुगतान उसके पश्चात् आने वाले प्रथम कार्य दिवस पर किया जा सकेगा। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न किए जाने की स्थिति में,संपत्ति के विक्रय हेतु नवीन विक्रय उद्घोषणा (Fresh Proclamation of Sale) जारी कर पुनः नीलामी की जाएगी। ऐसी स्थिति में जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त (Forfeited) कर ली जाएगी तथा चूक करने वाला क्रेता (Defaulting Purchaser) उक्त संपत्ति अथवा उसके पुनर्विक्रय से प्राप्त किसी भी राशि पर अपना समस्त दावा एवं अधिकार खो देगा। **12.** संपत्ति का विक्रय "जैसी है जहाँ है तथा बिना किसी शिकायत के आधार पर (As is Where is and No Complaint Basis) किया जाएगा। **13.** संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा। **14.** वसूली अधिकारी को बिना कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा विक्रय स्थगित / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। **15.** इच्छुक बोलीदाता बैंक के पास उपलब्ध स्वामित्व अभिलेखों का अवलोकन करें तथा संपत्ति की पहचान,विवरण एवं भार आदि की स्वयं जांच करें। इसकी शुद्धता के लिए डीआरटी उत्तरदायी नहीं होगा। **16.** बोलीदाता अपनी इच्छानुसार किसी भी स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। इंटरनेट, नेटवर्क, सिस्टम क्रैश या विद्युत व्यवधान केलिए डीआरटी / बैंक/ सेवा प्रदाता उत्तरदायी नहीं होंगे। **17.** उच्चतम बोली अनुमोदन के अधीन अस्थायी रूप से स्वीकार की जाएगी। विक्रय की पुष्टि होने तक बोलीदाता को संपत्ति पर कोई अधिकार या स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा। **18.** विक्रय पर लागू स्टाम्प शुल्क, पंजीयन शुल्क एवं अन्य वैधानिक शुल्क सफल क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे। **19.** विक्रय प्रमाणपत्र केवल उन्हीं व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम जारी किया जाएगा जिनके नाम बोली प्रपत्र में उल्लिखित हैं। **20.** विक्रय प्रमाणपत्र में बोली प्रपत्र में उल्लिखित नामों के अतिरिक्त किसी अन्य नाम को जोड़ने या प्रतिस्थापित करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा **21.** बोलीदाता अपने यूजर आईडी, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी को भी प्रकट न करें **22.** बोलीदाताओं को समय विलंब, अधिक ट्रैफिक, सिस्टम / विद्युत विफलता जैसी समस्याओं को ध्यान में रखकर अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करने की सलाह दी जाती है। **23.** ई-नीलामी सेवा प्रदाता, बैंक के अधिकारी, उनके प्रतिनिधि, कर्मचारी एवं एजेंट ई-नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाताओं के विवरणों की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखेंगे।

स्थान- जबलपुर,
दिनांक- 27/07/2026

(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी।

शब्द पहेली - 6318




बाएँ से दाएं
1. कार्य, काम-2
2. अहि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तात, टेलीग्राम-2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. रोता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

ऊपर से नीचे
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. घाम, गर्म, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. पिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. दृश्य-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गम-2
35. मयूर-2

शब्द पहेली -6317 का हल



सूडोकू नवताल - 6328



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल- 6327 का हल